आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

# दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 252 | उज्जैन, शुक्रवार 01 अगस्त 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह सहित केन्द्रीय मंत्रियों से भेंट की

### मध्यप्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति से कराया अवगत

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को नई दिल्ली प्रवास के दौरान गृह और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह सहित अनेक केंद्रीय मंत्रियों से भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट कर मार्गदर्शन प्राप्त किया और मध्यप्रदेश में कानून व्यवस्था और दुग्ध-सहकारिता गतिविधियों की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण से भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर से



भेंट कर प्रदेश में ऊर्जा, नगरीय विकास क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान से भेंट कर नई शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन सहित पाठ्यक्रमों में राष्ट्रभक्तों और महापुरूषों की जीवनियों के शामिल किए जाने संबंधी प्रगति की जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव से सौजन्य भेंट कर एक पेड़ मां के नाम, एक बगिया मां के नाम के अंतर्गत संचालित गतिविधियों और जल गंगा संवर्धन अभियान के परिणामों से भी अवगत करवाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय मंत्रीगण को प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में हो रही प्रगति की जानकारी प्रदान की गई।

## बैंक घोटाले में पांच लाख लोगों ने गवां दी थी गाढ़ी कमाई, अब ईडी के एक्शन के बाद मिलेंगे 380 करोड़ रुपये वापस




नई दिल्ली (एजेंसी)। महाराष्ट्र के एक बड़े बैंक घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 380 करोड़ रुपये की संपत्ति को वापस करवाने में कामयाबी हासिल की है।

यह संपत्ति अब करीब 5 लाख ठगे गए जमाकर्ताओं को लौटाई जाएगी। यह मामला पनवेल के करनाला नगरी सहकारी बैंक से जुड़ा है। इसके पूर्व चेयरमैन और चार बार के विधायक विवेकानंद शंकर पाटिल पर धोखाधड़ी और धन की हेराफेरी का आरोप है।

ईडी ने बुधवार को बताया कि यह संपत्ति महाराष्ट्र सरकार के एक नामित प्राधिकरण को सौंपी गई है ताकि इसे पीड़ित जमाकर्ताओं में बांटा जा सके। पाटिल को जून 2021 में ईडी ने गिरफ्तार किया था।

उनके खिलाफ पुणे पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की ओर से फरवरी 2020 में दर्ज एक स्ष्ठक्रके आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग का मामला चल रहा है।

पुलिस का दावा है कि पाटिल और बैंक के अन्य अधिकारियों ने RBI के दिशानिर्देशों और बैंकिंग नियमों को ताक पर रखकर 63 फर्जी लोन खातों के जरिए 560 करोड़ रुपये की हेराफेरी की। ईडी की जांच में सामने आया कि पाटिल ने बैंक के फंड को अपनी और अपने रिश्तेदारों की नियंत्रित कंपनियों और संस्थाओं में डायवर्ट किया।

## रेलवे को है आम लोगों का ध्यान, पिछले पांच वर्षों में गैर-वातानुकूलित डिब्बों की संख्या 70% तक बढ़ी



नई दिल्ली (एजेंसी)। रेल मंत्री ने बुधवार को कहा कि आम आदमी को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों में नॉन एसी कोचों की संख्या बढ़ाई गई है। अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को संसद को बताया कि भारतीय रेलवे द्वारा संचालित ट्रेनों में गैर-वातानुकूलित डिब्बों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और यह लगभग 70 प्रतिशत हो गई है। अगले 5 वर्षों में अतिरिक्त 17,000 गैर-वातानुकूलित सामान्य और शयनयान डिब्बों के उत्पादन के लिए एक विशेष विनिर्माण कार्यक्रम लागू किया जा रहा है।

यात्रियों की सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि- भारतीय रेलवे ने सामान्य श्रेणी में यात्रा की मांग करने वाले यात्रियों की सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि की है। केवल पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, विभिन्न लंबी दूरी की ट्रेनों में 1,250 सामान्य डिब्बों का उपयोग किया गया है।

भारतीय रेलवे गरीबों और निम्न मध्यम वर्ग सहित आम जनता के लाभ के लिए मेल, एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनें सहित किफायती किराया संरचना वाली बड़ी संख्या में ट्रेनें चला रहा है।

## 10-15 फीसदी टैरिफ की बात हुई थी, राष्ट्रहित से समझौता नहीं करेंगे; ट्रंप के टैरिफ पर पीयूष गोयल का संसद में जवाब



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को भारत पर 25 फीसदी टैरिफ और रूस से तेल खरीदने की वजह से पेनल्टी का ऐलान कर दुनिया को चौंका दिया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति के एलान के बाद भारत ने दो टूक कहा है कि हम देशहित से हम कोई समझौता नहीं करेंगे। वहीं, टैरिफ को लेकर अमेरिका के इस फैसले के बाद राज्यसभा में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने लोकसभा में जवाब दिया।

पीयूष गोयल ने कहा कि अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार की बात चल रही है। हमारे निर्यात में लगातार वृद्धि चल रही है। हम अपने घरेलू उद्योगों की सुरक्षा करेंगे।

उन्होंने आगे कहा कि आयात पर 10-15 प्रतिशत टैरिफ की बात हुई थी। देश की हित की दिशा में हम कदम उठाएंगे। वैश्विक विकास में भारत का योगदान 16 प्रतिशत है। भारत आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ रहा है। दोनों पक्षों में चार दौर की बातचीत हो चुकी है। ट्रंप ने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाते हुए क्या कहा?

ट्रंप ने बुधवार को कहा कि भारतीय आयात पर एक अगस्त से 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान किया और यह धमकी भी दी कि इसके अतिरिक्त उस पर पेनाल्टी भी लगाई जाएगी। अमेरिका अभी भी भारत के साथ व्यापार वार्ता कर रहा है।

इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर की गई घोषणा में ट्रंप ने भारत की तरफ से अमेरिकी उत्पादों पर लगाए जाने वाले शुल्क की उच्च दरों, रूस से रक्षा उपकरणों और ईंधन की खरीद को लेकर भी आरोप लगाए हैं।

## आपात स्थिति में भी बिना चेतावनी हाईवे पर अचानक ब्रेक लगाना लापरवाही...




नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि अगर कोई कार चालक बिना किसी चेतावनी के राजमार्ग पर अचानक ब्रेक लगाता है, तो उसे सड़क दुर्घटना की स्थिति में लापरवाही माना जा सकता है।

शीर्ष अदालत ने सुनाया महत्वपूर्ण फैसला- जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस अरविंद कुमार की पीठ ने मंगलवार को कहा कि किसी चालक द्वारा राजमार्ग के बीच में अचानक वाहन रोकना, चाहे वह व्यक्तिगत आपातस्थिति के कारण ही क्यों न हुआ हो, उचित नहीं ठहराया जा सकता क्योंकि यह सड़क पर चल रहे अन्य लोगों के लिए खतरा हो सकता है।

पीठ के लिए फैसला लिखने वाले जस्टिस धूलिया ने कहा, राजमार्ग पर वाहनों की तेज गति अपेक्षित है और यदि कोई चालक अपना वाहन रोकना चाहता है, तो उसकी जिम्मेदारी है कि वह सड़क पर पीछे चल रहे अन्य वाहनों को चेतावनी या संकेत दे। कोयंबटूर में 2017 में सड़क दुर्घटना के लिए कार चालक को दोषी करार दिया

यह फैसला इंजीनियरिंग के छात्र एस. मोहम्मद हकीम की याचिका पर आया है। सात जनवरी, 2017 को कोयंबटूर में एक सड़क दुर्घटना के बाद उसका बायां पैर काटना पड़ा था। यह घटना तब हुई जब हकीम की मोटरसाइकिल एक कार के पिछले हिस्से से टकरा गई जो अचानक रुक गई थी। इस कारण हकीम सड़क पर गिर गया और पीछे से आ रही एक बस ने उसे टक्कर मार दी।

## हैदराबाद हवाई अड्डे पर 40 करोड़ रुपये का गांजा जब्त, महिला गिरफ्तार



नई दिल्ली (एजेंसी)। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने बुधवार को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक महिला यात्री के सामान से 400 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है।

एनसीबी द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि गांजे की अनुमानित कीमत 40 करोड़ रुपये है। खुफिया जानकारी के आधार पर, एनसीबी अधिकारियों ने महिला यात्री को रोका और उसके दो चेक-इन बैग से 400 किलोग्राम प्रतिबंधित पदार्थ जब्त किया।

## भारत पर 25% टैरिफ फाइनल नहीं... अभी बातचीत जारी, ट्रंप का नया बयान; भारत का भी आया रिएक्शन

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ और रूस से तेल खरीदने की वजह से पेनल्टी का ऐलान कर दुनिया को चौंका दिया है।

यह फैसला 1 अगस्त से लागू होगा। ट्रंप ने कहा कि भारत दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ लगाने वाले देशों में से एक है, जिसके चलते अमेरिका को भारी व्यापारिक नुकसान हो रहा है। इसके साथ ही, उन्होंने भारत को ब्रिक्स देशों का हिस्सा बताते हुए इसे अमेरिका विरोधी गठबंधन करार दिया।



ट्रंप ने व्हाइट हाउस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हम भारत से बात कर रहे हैं। देखते हैं क्या होता है। भारत के टैरिफ 100-150 फीसदी तक हैं, जो दुनिया में सबसे ज्यादा हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत रूस से सबसे ज्यादा सैन्य उपकरण और तेल खरीदता है। ये यूक्रेन युद्ध के समय में ठीक नहीं है।

ट्रंप ने कहा है कि भारत पर 25 फीसदी टैरिफ की बात अभी फाइनल नहीं है, इस हफ्ते के अंत तक देखते हैं क्या होता है।

भारत हमारा दोस्त लेकिन- ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, भारत हमारा दोस्त है, लेकिन उनके टैरिफ बहुत ज्यादा हैं। वे हमारे साथ कम व्यापार करते हैं क्योंकि उनके गैर-मौद्रिक व्यापार नियम बहुत सख्त हैं।

उन्होंने भारत को चेतावनी दी कि 1 अगस्त से 25% टैरिफ के साथ-साथ रूस से तेल खरीदने की पेनल्टी भी लागू होगी। ट्रंप ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना दोस्त बताया, लेकिन साथ ही कहा कि भारत के साथ अमेरिका का व्यापार घाटा बहुत ज्यादा है।

उन्होंने कहा, मोदी मेरे दोस्त हैं, लेकिन भारत हमें बहुत कुछ बेचता है, जबकि हम उनसे कम खरीदते हैं क्योंकि उनके टैरिफ बहुत ज्यादा हैं।

ट्रंप ने यह भी दावा किया कि भारत अब टैरिफ कम करने को तैयार है और इस हफ्ते के अंत तक कोई फैसला हो सकता है।

भारत सरकार ने टैरिफ को लेकर क्या कहा- भारत सरकार ने ट्रंप के इस बयान पर प्रतिक्रिया दी है। सरकार ने कहा कि वह इस बयान के असर का अध्ययन कर रही है। भारत और अमेरिका पिछले कुछ महीनों से एक निष्पक्ष और दोनों के लिए फायदेमंद व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। भारत ने साफ किया कि वह इस लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध है।

# ट्रंप ने भारत को दिया एक और झटका, टैरिफ के बाद अब छह कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान किया। इतना ही नहीं उन्होंने भारत पर एक बड़ा जुर्माना भी लगाया। टैरिफ के बाद अमेरिका ने भारत को एक और बड़ा झटका दिया है।

दरअसल, अमेरिका की ट्रंप सरकार ने ईरान से तेल और पेट्रोकेमिकल उत्पादों के व्यापार में शामिल होने के आरोप में छह भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है। बताया जा रहा है कि अमेरिका का यह कदम अधिकतम दबाव नीति का हिस्सा है। इसका उद्देश्य है कि ईरान में आर्थिक गतिविधियों को चोट पहुंचाई जा सके।

छह भारतीय कंपनियों पर ट्रंप प्रशासन का एक्शन- जानकारी दें कि अमेरिकी विदेश मंत्रालय की माने को छह भारतीय कंपनियों को कार्यकारी आदेश (ई.ओ.) 13846 के तहत प्रतिबंधित किया गया है। बताया जा रहा है कि अमेरिका का यह कार्यकारी आदेश ईरान के पेट्रोकेमिकल्स क्षेत्रों को टारगेट करता है। जानकारी दें कि ट्रंप प्रशासन ने उन देशों की कंपनियों को भी निशाना बनाया है, जो किसी न किसी तरीके से ईरानी तेल व्यापार से जुड़ी हैं।

इन देशों की कंपनियों पर भी लगा प्रतिबंध- अमेरिका के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि भारत, संयुक्त अरब अमीरात, तुर्की और इंडोनेशिया की कई कंपनियों को ईरानी मूल के पेट्रोकेमिकल उत्पादों की बड़ी मात्रा में बिक्री और खरीद के लिए प्रतिबंधित किया जा रहा है। वहीं, इस बयान में बताया गया है कि जैसा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है, कोई भी देश या व्यक्ति जो ईरानी तेल या पेट्रोकेमिकल्स खरीदने का विकल्प चुनता है, वह अमेरिकी प्रतिबंधों के जोखिम में है और उसे अमेरिका के साथ व्यापार करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

भारत की इन कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध- कंचन पॉलिमर्स– ये कंपनी यूएई-आधारित तानाइस ट्रेडिंग से फरवरी और जुलाई 2024 के बीच पॉलीइथाइलीन सहित 1.3 मिलियन डॉलर से अधिक मूल्य के ईरानी मूल के पेट्रोकेमिकल उत्पादों का आयात और खरीद की है।

अलकेमिकल सॉल्यूशंस– जानकारी दें कि यह एक पेट्रोकेमिकल ट्रेडिंग कंपनी है, जिसने जनवरी और दिसंबर 2024 के बीच में कई कंपिनियों के साथ 84 मिलियन डॉलर से अधिक मूल्य के ईरानी मूल के पेट्रोकेमिकल उत्पादों का आयात और खरीद की है।

रमणीकलाल एस गोसालिया एंड कंपनी– इस कंपनी ने साल 2024 और 2025 के मध्य में कई कंपनियों से मेथनॉल और टोल्यूनि सहित 22 मिलियन डॉलर से अधिक मूल्य के ईरानी मूल के पेट्रोकेमिकल उत्पादों का आयात और खरीद की है।

# दोस्त ऐसा तो दुश्मन की क्या जरूरत! ट्रंप ने पाकिस्तान के साथ की बड़ी ऑयल डील, बोले- एक दिन भारत को तेल बेचेगा पाक



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक चौंकाने वाला ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने पाकिस्तान के साथ एक बड़ा व्यापारिक करार किया है। इसके तहत दोनों देश मिलकर पाकिस्तान में विशाल तेल भंडार विकसित करेंगे।

इससे पहले ट्रंप ने भारत पर टैरिफ को लेकर कहा था कि भारत मित्र देश हैं। हालांकि उन्होंने टैरिफ में किसी राहत से इनकार कर दिया था।

अब ट्रंप पाकिस्तान के साथ ऑयल डील की बात कह रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि शायद एक दिन पाकिस्तान भारत को तेल बेचे। हालांकि, यह साफ नहीं है कि ट्रंप किन तेल भंडारों की बात कर रहे हैं।

पाक के साथ मिलकर विशाल तेल भंडार विकसित करेंगे- ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, हमने पाकिस्तान के साथ एक करार किया है। इसके तहत पाकिस्तान और अमेरिका मिलकर उनके विशाल तेल भंडारों को विकसित करेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि अभी यह तय हो रहा है कि कौन सी तेल कंपनी इस साझेदारी को लीड करेगी। पाकिस्तान अभी मध्य पूर्व से तेल आयात करता है ताकि उसकी ऊर्जा ज़रूरतें पूरी हों।

लेकिन कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान के पास समुद्र में विशाल तेल भंडार हैं। ये तकनीकी कमी और पैसों की कमी की वजह से अभी तक इस्तेमाल नहीं हो सके। पाकिस्तान इन भंडारों को विकसित करने के लिए निवेश जुटाने की कोशिश में है। ट्रंप ने मजाक में कहा, ÷कौन जानता है, शायद एक दिन पाकिस्तान भारत को तेल बेचे।÷

पाकिस्तान की तरफ से इस करार पर अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। ट्रंप का यह ऐलान ऐसे वक्त में आया है जब उन्होंने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ (आयात शुल्क) लगाने की घोषणा की है।

## 16 साल से कम उम्र के बच्चे नहीं देख पाएंगे यूट्यूब, इस देश की सरकार ने लिया फैसला



नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने घोषणा की है कि यूट्यूब उन इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म में शामिल होगा, जिन्हें दिसंबर से यह सुनिश्चित करना होगा कि यूजर्स की उम्र कम से कम 16 वर्ष हो।

यूट्यूब को पिछले साल नवंबर में एक अपवाद के रूप में सूचीबद्ध किया गया था, जब संसद ने दुनिया का पहला ऐसा कानून पारित किया था जो 16 साल से कम उम्र के बच्चों को फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट, टिकटॉक और एक्स जैसे प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंधित कर देंगे।

यूट्यूब ने फैसले का किया विरोध- आयु प्रतिबंध 10 दिसंबर से प्रभावी होंगे और कम उम्र के यूजर्स को बाहर करने के लिए जिम्मेदार कदम उठाने में विफल रहने पर प्लेटफॉर्म पर पांच करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर तक का जुर्माना लगाया जाएगा। ये कदम अभी तक परिभाषित नहीं किए गए हैं।

प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि बच्चों पर ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों का नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है और इंटरनेट मीडिया को उनकी सामाजिक जिम्मेदारी की याद दिलाता हूं। वह चाहते हैं कि ऑस्ट्रेलियाई माता-पिता जानें कि हम उनके साथ हैं।

## अमेरिका में स्न-35 लड़ाकू विमान क्रैश, नेवल एअर स्टेशन लेमूर में हुआ हादसा



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका से एक विमान हादसे की खबर सामने आई है। अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित नेवल एअर स्टेशन लेमूर के पास एक स्न-35 लड़ाकू विमान क्रैश हो गया। गनीमत बस इस बात की रही कि पायलट विमान से बाहर निकलने में सफल रहा।

घटना की जानकारी अमेरिकी नौसेना के अधिकारियों ने दी। इस घटना को लेकर NAS लेमूर की ओर से एक बयान जारी किया, जिसमें कहा गया कि पायलट सफलतापूर्वक विमान से बाहर निकल गया और सुरक्षित है। कोई और कर्मचारी प्रभावित नहीं हुआ है।

हादसे के कारणों की जांच जारी- जानकारी दें कि ये हादसे के बार में अधिक जानकारी की प्रतीक्षा की जा रही है। एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

वहीं, F-35 लड़ाकू विमानों के निर्माता, अमेरिकी रक्षा ठेकेदार लॉकहीड मार्टिन ने इस हादसे के संबंध में अभी कर कोई भी टिप्पणी नहीं की है।

## बांग्लादेश में राजनीतिक सरगर्मी तेज, खालिया जिया ने लिया चुनाव लड़ने का फैसला; कब होंगे चुनाव?



नई दिल्ली (एजेंसी)। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के उपाध्यक्ष अब्दुल अवल मिंटू ने बुधवार को घोषणा की कि बीएनपी अध्यक्ष खालिदा जिया आगामी चुनाव लड़ेंगी। फेनी जिले में एक कार्यक्रम के दौरान उपाध्यक्ष ने कहा, जिले में चुनावों को लेकर कोई चिंता नहीं है। हमारी नेता खालिदा जिया अब स्वस्थ हैं। वह चुनाव लड़ेंगी। फेनी को लेकर कोई चिंता नहीं है।

बीएनपी की जीत का भरोसा जताते हुए उन्होंने कहा, अगर निष्पक्ष चुनाव हुए, तो फेनी में बीएनपी निश्चित रूप से जीतेगी, क्योंकि इस जिले का चुनावी इतिहास काफी चर्चित रहा है।

पहले चुनाव की जताई उम्मीद- उन्होंने कहा, देश की मौजूदा स्थिति को देखते हुए चुनाव पहले भी हो सकते हैं। ऐसा भी संभव है कि जनवरी में हो जाए। कार्यवाहक सरकार से संबंधित एक मामला वर्तमान में सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है। अगर न्यायालय कार्यवाहक व्यवस्था को बहाल करने की अनुमति देता है, तो यह अंतरिम सरकार कार्यवाहक सरकार के रूप में कार्य करेगी। संविधान के अनुसार, कार्यवाहक सरकार के तहत 90 दिनों के भीतर चुनाव कराए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि बीएनपी को अंतरिम सरकार और पार्टी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान के बीच लंदन में हुई बैठक के दौरान बनी सहमति पर भरोसा है।

## फलस्तीन को राष्ट्र के रूप में दर्जा देंगे, कनाडा के पीएम का बड़ा एलान; अब तक कितने देश कर चुके ऐसा



नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायल की गाजा में सैन्य कार्रवाई लगातार जारी है। इस सैन्य कार्रवाई में हजारों फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। इस बीच कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने एक बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि कनाडा सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा में फलस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने की योजना पर काम कर रह रहा है।

कनाडा के पीएम के इस एलान के बाद फलस्तीन को राष्ट्र के तौर पर दर्जा देने वाला कनाडा तीसरा जी7 देश बन गया है। पीएम मार्क कार्नी ने स्पष्ट किया है कि कुछ शर्तों के साथ इस मान्यता पर काम होगा। इन शर्तों में सबसे ऊपर है कि फलस्तीनी अथॉरिटी द्वारा शासन में बुनियादी सुधार करना होगा। कनाडा के पीएम ने सामने रखी ये शर्त

इसके साथ ही कनाडा के पीएम ने स्पष्ट रूप से एक शर्त रखते हुए कहा कि ये मान्यता हम तभी देने की बात कह सकते हैं जब, फलस्तीन में साल 2026 में बिना हमास के पारदर्शी चुनाव कराया जाए। इसके अलावा फलस्तीनी क्षेत्रों का निरस्त्रीकरण शामिल है।

पीएम कार्नी ने एक बयान में कहा कि कनाडा लंबे समय से दो राष्ट्र के बीच समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। कार्नी का कहना है कि स्वतंत्र व्यवहार्य और संप्रभु फलस्तीन राज्य, इजरायल के साथ शांति और सुरक्षा के लिए साथ सह-अस्तित्व में रहे।

जानकारी दें कि कनाडा के पीएम मार्क कार्नी द्वारा दिए गए भाषण में कहा गया कि हमास अक्टूबर 2023 की हिंसक घटना के दौरान बंधक बनाए गए लोगों को रिहा करना होगा। इसके अलावा कनाडा के पीएम ने कहा कि आने वाले समय में कभी भी हमास को फलस्तीन के शासन में कोई भूमिका नहीं निभानी होगी।

## पाकिस्तान में अहमदिया समुदाय की मस्जिदों पर कार्रवाई जारी, अब 70 साल पुरानी मस्जिद ध्वस्त किया



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पुलिस ने अल्पसंख्यक अहमदिया समुदाय के एक 70 साल पुराने मस्जिद को ध्वस्त कर दिया।

जमात-ए-अहमदिया पाकिस्तान (जेएपी) ने कहा, धार्मिक चरमपंथियों के दबाव में पुलिस ने न केवल 70 साल पुराने मस्जिद के मेहराब को ध्वस्त किया, बल्कि दो अहमदिया कब्रों के पत्थर तोड़कर उन्हें अपवित्र भी किया। यह घटना मंगलवार को गुजरांवाला जिले में हुई।

जेएपी ने किया विरोध- जेएपी के प्रवक्ता अमीर महमूद ने कार्रवाई की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि पुलिस का कर्तव्य है कि वह सभी नागरिकों के जीवन, संपत्ति और धार्मिक स्थलों की रक्षा करे, चाहे उनकी आस्था कुछ भी हो।

प्रवक्ता ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से घटना का संज्ञान लेने और यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि मस्जिद को नुकसान पहुंचाने और अहमदिया कब्रों को अपवित्र करने के लिए जिम्मेदार लोगों को कानून के तहत जवाबदेह ठहराया जाए।

वहीं, एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि अहमदिया समुदाय को मस्जिद के प्रार्थना कक्ष और कब्रों के मकबरों को तोड़ने के लिए कहा गया है, क्योंकि उन पर इस्लामी आयतें खुदी थीं।

# पीएम मोदी की कार्यशैली के फैन हुए कुमार विश्वास, कह दी बड़ी बात




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर अब संशय के बादल मंडराते दिख रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत पर 25 फीसद टैरिफ लगाने के एलान के बाद विपक्ष के तमाम नेता केंद्र सरकार पर हमलावर है। इस बीच हमेशा से मोदी सरकार के खिलाफ बयानबाजी करने वाले कुमार विश्वास का हैरान करने वाला बयान सामने आया है।

क्या बोले कुमार विश्वास- कुमार विश्वास ने कहा कि पीएम मोदी को जो थोड़ा सा भी ठीक से जानता है उन्हें मालूम है कि उनसे कोई भी काम धमकी देकर कोई नहीं करा सकता।

विश्वास ने आगे कहा, मोदी से कोई भी काम जबगन नहीं करवा सकते। उल्टे चुनौती के समय तो प्रधानमंत्री मोदी की कार्यक्षमता व दक्षता सर्वोत्तम होती है। कुल मिलाकर ट्रंप समेत दुनिया के सभी दादाओं से निवेदन कि अपनी तेल-चटाई चाहे पाकिस्तान ले जाएं या चीन, भारत के विकास व शक्ति की बीन तो यूं ही बाजैगी।

मोदी से पंगा आसान नहीं - कुमार विश्वास ने आगे कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के जो भी सलाहकार हैं वे उन्हें भारत के बारे में दो सलाह गलत दे गए। पहली बात तो यह कि ये संघर्ष और चुनौती को अपने अंतिम आदमी तक ले जाने वाला नया भारत है और अब इसे लड़कर जीतने की धीरे-धीरे आदत सी हो गई है। दूसरे यह कि जो लोग प्रधानमंत्री को जानते हैं, उन्हें पता हैं कि मोदी से पंगा आसान नहीं है।

## हैदराबाद में IVF क्लिनिक का बड़ा घोटाला, बच्चों की तस्करी के गिरोह का भंडाफोड़



नई दिल्ली (एजेंसी)। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां पर पुलिस ने एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो अवैध सरोगेसी और नवजात बच्चों की तस्करी का काम करते थे।

इस पूरे मामले में पुलिस ने आईवीएफ केंद्र के चिकित्सक के साथ 10 अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही क्लिनिक में उपलब्ध दवाइयों, पत्रों एवं अन्य मेडिकल औजारों को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। बताया जा रहा है कि इस मामले में मुख्य आरोपी की पहचान यूनिवर्सल सृष्टि फर्टिलिटी सेंटर की मालिक अथलुरी नम्रता के तौर पर हुई है।

जानिए कैसे हुआ भंडाफोड़- पुलिस द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, इस मामले का भंडाफोड़ तब हुआ जब एक दंपती ने शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में इस दंपती ने बताया कि सरोगेसी के जरिए बच्चा पैदा करने के लिए IVF सेंटर को 35 लाख रुपये का भुगतान किया गया। वहीं, इस शिकायत में बताया गया कि इस दंपती ने पिछले 9 महीनों में कई भुगतान किए हैं, इसके बाद पता चला कि सरोगेसी के जरिए पैदा हुए नवजात शिशु डीएनए उनके डीएनए से बिल्कुल मैच नहीं खाता।

## 40 साल के टीचर ने 8वीं की स्टूडेंट से रचा ली शादी, दूल्हा और पंडित के खिलाफ केस दर्ज



नई दिल्ली (एजेंसी)। अक्सर शादी के जुड़ी ऐसी खबरें सामने आती है, जहां लड़के और लड़की के बीच में उम्र का बड़ा अंतर होता है। हालांकि, तेलंगाना में एक ऐसी शादी हुई जिसके बारे में सुनकर आप भी हैरान हो उठेंगे।


दरअसल, हैदराबाद के नंदीगामा में 40 वर्षीय पुरुष ने 13 साल की नाबालिग से शादी रचा ली। पुरुष, एक स्कूल शिक्षक और लड़की कक्षा आठवीं में पढ़ रही है।

शादी की जानकारी पुलिस को दी गई। इसके बाद पुलिस ने 40 वर्षीय शिक्षक, लड़की और पंडित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

शादी की तस्वीर हुई वायरल- पुलिस को सौंपी गई तस्वीरों में आठवीं कक्षा की छात्रा एक माला पकड़े हुए 40 वर्षीय व्यक्ति के सामने खड़ी दिखाई दे रही है। उनके दोनों ओर एक महिला खड़ी है, जिसके उस व्यक्ति की पत्नी होने का संदेह है, और पुजारी भी।

कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन की एक रिपोर्ट के अनुसार, इसे जड़ से खत्म करने के लिए बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 जैसे कानून के बावजूद, कुछ राज्यों में यह अभी भी प्रचलित है।

## पत्नी ने तलाक के लिए लगाए कई आरोप, शख्स ने बिना पैसे और वकील के यूं दिया Divorce




नई दिल्ली (एजेंसी)। सोशल मीडिया पर एक शख्स की कहानी अब चर्चा का विषय बन चुकी है। दरअसल एक शख्स ने बिना वकील की मदद लिए अपनी पत्नी द्वारा दायर कई कानूनी मुकदमों को न सिर्फ लड़ा, बल्कि जीत भी हासिल की। इसके लिए शख्स ने कानूनी पढ़ाई की और फिर अदालत में अपना केस खुद से लड़ा।

रेडिट पर वायरल एक पोस्ट के मुताबिक, इस शख्स ने खुद को अदालत में 'पार्टी-इन-पर्सन' के तौर पर पेश किया और अपनी हिम्मत और कानूनी समझ से सबको चौंका दिया। पोस्ट में बताया गया कि शख्स और उसके माता-पिता पर पत्नी ने तीन गंभीर आरोप लगाए थे।

आरोप में धारा 498ए (पति या रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता), घरेलू हिंसा, और सीआरपीसी 125 (गुजारा भत्ता दावा) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था, लेकिन इस शख्स ने वकील की फीस बचाने और खुद पर भरोसा रखते हुए कानून की किताबें खंगालीं और अपने दम पर केस लड़ा।

'सत्तर लाख से एक लाख तक का सफर'- एक रेडिट यूजर ने इस कहानी को साझा करते हुए लिखा, तलाक, जीरो हर्जाना, जीरो गुजारा भत्ता। पोस्ट के मुताबिक, शख्स ने घरेलू हिंसा और सीआरपीसी 125 के मुकदमे रद करवा दिए और पत्नी को एक पाई भी गुजारा भत्ता नहीं मिला।

शुरुआत में पत्नी ने 70 लाख रुपये की मोटी रकम मांगी थी। ये रकम एक साल में घटकर 35 लाख हो गई, लेकिन शख्स ने सिर्फ एक लाख रुपये की पेशकश की। तीन साल की लंबी लड़ाई के बाद, पत्नी के वकीलों ने खुद संपर्क किया और आपसी सहमति से तलाक के लिए तैयार हो गए।

## संसद के गेट पर जब आतंकियों से निहत्थे भिड़ गईं थीं कांस्टेबल कमलेश, लगी थी 11 गोलियां; फिर भी दिखाया साहस



नई दिल्ली (एजेंसी)। जहां एक राष्ट्र सांस लेता है, हर देश की अपनी धड़कन होती है। भारत के लिए, यह बलुआ पत्थर और मौन की एक इमारत के अंदर धड़कती है, जहां कानून जन्म लेते हैं और लोकतंत्र जीवित रहता है, वह है संसद।

यह केवल गुंबदों और बहसों का ढांचा नहीं है, यह जनता की इच्छाशक्ति का केंद्र है, नीति और प्रगति में पिरोई गई 1.4 अरब आवाज़ों की प्रतिध्वनि है। और जब किसी देश की संसद पर हमला होता है - तो यह केवल खतरे में पड़ी एक इमारत नहीं होती, यह एक संदेश होता है- आप सुरक्षित नहीं हैं। आपका लोकतंत्र कमज़ोर है। आपकी व्यवस्था को तोड़ा जा सकता है।

भारत को 13 दिसंबर 2001 को ऐसा ही एक संदेश मिला। हर रोज़ की तरह एक सर्दियों की सुबह - कोहरा, फाइलें, कदमों की आहट। अंदर, चुने हुए नेता जिम्मेदारी के गलियारों से गुजर रहे थे। बाहर, गेट नंबर 1 पर, वर्दी में एक महिला हमेशा की तरह, किसी का ध्यान नहीं खींच रही थी, देख रही थी।

उसने माइक नहीं पकड़ा था। उसने भाषण नहीं दिया। लेकिन अगले पांच मिनट में उन्होंने जो किया, उसकी गूंज उस सदन में अब तक बोली गई किसी भी आवाज से ज्यादा तेज थी। उनका नाम कमलेश कुमारी यादव था। एक मां। एक कांस्टेबल। बिहार की एक बेटी। और उस दिन - अराजकता और जिंदा रहने के बीच का फर्क। वे रक्षा की आखिरी पंक्ति थीं, और उन्होंने उसे कभी गिरने नहीं दिया।

13 दिसंबर 2001 की शुरुआत दिल्ली के संसद भवन में किसी भी अन्य गुरुवार की तरह हुई। सर्दियों का कोहरा घना था, गलियारे उन पुरुषों और महिलाओं से भरे हुए थे जो अपने कंधों पर भारत के लोकतंत्र का भार ढो रहे थे। उनमें एक महिला भी थीं जो अपने भार को शांत गरिमा के साथ ढो रही थीं - गेट नंबर 1 पर एक सीआरपीएफ कांस्टेबल, ज्यादातर दिनों में शायद ही किसी का ध्यान जाता हो, फिर भी हमेशा याद रखी जाने वाली।

## अदालत का फैसला दे गया एक और जख्म..., मालेगांव ब्लास्ट केस में सभी आरोपियों के बरी होने पर बोले पीड़ितों के वकील



नई दिल्ली (एजेंसी)। साल 2008 के मालेगांव धमाके के सभी सात आरोपियों को मुंबई की विशेष एनआईए अदालत ने बरी कर दिया है। इन आरोपियों में पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा, मेजर (रिटायर्ड) रमेश उपाध्याय, सुधाकर चतुर्वेदी, अजय रहीरकर, सुधाकर धर द्विवेदी (शंकराचार्य) और समीर कुलकर्णी शामिल हैं। मालेगांव ब्लास्ट में मारे गए पीड़ित परिवारों के वकील शाहिद नदीम ने कहा कि वो इस फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती देंगे। वकील शाहिद नदीम ने कहा, हम खुद इस फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील करेंगे।

उन्होंने बताया कि 17 साल से पीड़ित परिवार इंसाफ की उम्मीद में इंतजार कर रहे थे, मगर जांच एजेंसी और सरकार की नाकामी की वजह से आरोपियों को संदेह का लाभ मिला।

अदालत ने माना धमाका हुआ, मगर सबूत नाकाफी- बता दें अदालत ने अपने फैसले में माना कि मालेगांव में धमाका हुआ था, मगर ये साबित नहीं हो सका कि बम उस मोटरसाइकिल में रखा गया था, जिसके बारे में दावा किया गया था कि ये साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर का था।

जज अभय लोहटी ने कहा, प्रॉसिक्यूशन ने साबित किया कि मालेगांव में धमाका हुआ, लेकिन ये साबित नहीं कर सका कि बम उस मोटरसाइकिल में था।

अदालत ने 323 गवाहों और 8 डिफेंस गवाहों के बयानों को सुनने के बाद ये फैसला सुनाया। इसके साथ ही, अदालत ने महाराष्ट्र सरकार को आदेश दिया कि पीड़ितों के परिवारों को 2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये का मुआवजा दिया जाए।

वकील शाहिद नदीम ने कहा कि ये फैसला पीड़ितों के लिए इंसाफ नहीं, बल्कि एक जख्म और दे गया। उन्होंने कहा, पीड़ितों का कोई कसूर नहीं, वो तो सिर्फ दर्द और नुकसान झेल रहे हैं।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उजैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

हिन्दकुश
हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण



सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।

विक्रम संवत 2079 शुक्ल अष्टमी

## संपादकीय

# काशी में 500 से अधिक प्राचीन मंदिर, तीर्थ, कूप और कुण्ड हैं



जब हम काशी,वाराणसी या बनारस कहते हैं, तब हम मात्र काशी विश्वनाथ और गंगा स्नान के विषय में ही सोचते हैं। इन स्थानों के अतिरिक्त भी काशी में 500 से अधिक प्राचीन मंदिर, तीर्थ, कूप और कुण्ड हैं। काशी में भगवान काशी विश्वनाथ और मां गंगाजी के शक्तिमान स्थानों के अतिरिक्त और भी 500 से अधिक प्राचीन मन्दिर शिवलिंग, देवियां, गणेश, कार्तिक स्वामी, विष्णु, महालक्ष्मी, नवग्रह, तीर्थ, कुण्ड-कूप हैं।


कहा जाता है कि शिवजी मोह-माया रहित हैं किन्तु शिवजी अपने श्रीमुख से स्वयं कहते हैं- ममतारहिस्यापि मम सर्वात्मनो घ्रुवम। व एव मामका लोके ये काशीनाम जापका॥ अर्थात् - मैं स्वयं ममता रहित हूं किन्तु जो काशी-काशी जपते रहते हैं, वे मेरे परम प्रिय होते हैं। काशी में देवताओं, ॠषियों, ग्रहों, गणों द्वारा स्थापित शिवलिंग हैं। माना जाता है कि काशी मोक्ष नगरी है लेकिन इसके साथ ही मनुष्य जन्म की सभी आवश्यकताएं परिवार, संतान, धन, जीविका, गृह, सुख, शान्ति, आरोग्य, निष्कलह- निष्कलंक जीवन, यश, सत्ता सभी भक्तों को देने की असीम शक्ति काशी के विश्वनाथ में है।

काशी के समस्त शक्तिमान स्थानों का वर्णन एक साथ प्रस्तुत करना तो भगवान आदित्य को दीपक दिखाने जैसा ही है। यहां भगवान काशी विश्वनाथ तो हैं ही, साथ में दुर्गा मंदिर के दुर्ग विनायक हैं, जो काशी के 16 विनायकों में से हैं। आदि केशव मंदिर के जाग्रत सूर्यदेव हैं जिनके दर्शन से व्यक्ति को ऊर्जा प्राप्त होती है, श्रेष्ठत्व मिलता हैं तो ॠष्टहरेश्वर महादेव भी हैं जो सर्वकष्ट और ॠष्टा नष्ट करते हैं। इटली में पीसा की मीनार जब बनी भी नहीं थी, तब से यह मंदिर है। विष्णु जिनका सर्वसमावेशक रूप बिन्दुमाधव है। उनका मंदिर आक्रमकों ने तोड़ा किन्तु अर्चकों ने श्रीविग्रह (मूर्ति) बचायी, बिन्दुमाधव अति सामान्य व्यक्ति को भी भक्ति की शक्ति से असामान्य बनाते हैं। यहां वागेश्वरी देवी भी हैं जिनके दर्शन मात्र से विद्यार्थी पत्रकार, लेखक, वक्ता के लेखन-वाणी में ओज आता है। यहां देवी कामख्या का भव्य पाषाणीय श्रीचक्र है, जिन्हें श्वेत और गुलाबी पुष्प चढ़ाने से देवी त्रिपुरसुन्दरी यश, सम्पत्ति और आरोग्य देती हैं। गायघाट की महालक्ष्मी देवी, जिनके दर्शन से व्यापारियों, भक्तों को धन, आरोग्य तथा सुहागिनों को सदा सौभाग्य का आशीर्वचन मिलता है। काशी के कोतवाल कालभैरव जो झूठे मामले-मुकदमे से छुड़ाते हैं, अटके कार्य बनाते हैं।

कई स्थान पर प्रभु श्रीराम-जानकी-लक्ष्मण-हनुमानजी की मूर्तियां दिखती हैं। काशी में इनकी छवि भी अद्भुत है। जहां इनके साथ भरत व शत्रुघ्न भी हैं तो यह सम्पूर्ण परिवार सजे हुए वस्त्रों-आवरणों में ऐसा लगता है, जैसे सब मिलकर रामायण की अपनी कथा अभी सुनाएंगे। भव्य शिवलिंग तिलमांडेश्वर जिनके सामने सरसों और तिल के तेल के दिये जलाने और नीले पुष्प चढ़ाने से शनि भगवान् की साढ़ेसाती, ढैया व महादशा के कष्टों से छुटकारा मिलता है। ॠष्टहरेश्वर महादेव तथा कामाक्षी देवी मंदिर का श्रीचक्र ॠष्टा-हर्ता व श्रीलक्ष्मी प्रदाता है। आइए एक बार इन प्रमुख देवी-देवताओं का साक्षात्कार कर उन्हें नमन करें।

दुर्ग विनायक - दुर्गा मंदिर के प्रवेश में छोटे मंदिर में दुर्ग विनायक विराजमान हैं। दुर्वा (दूब), जवाकुसुम पुष्प और रंग-बिरंगी मालाओं से हर दिन दुर्ग विनायक का पूजन होता है। दुर्गा देवी के दर्शन के पूर्व दुर्गा-कुण्ड में स्नान कर, दुर्ग विनायक का पूजन कर भक्त दुर्गा मंदिर में प्रवेश करते हैं। मान्यता है कि दुर्ग विनायक बड़ी दुर्घटनाओं से भक्तों की रक्षा करते हैं। काशी निवासियों के दुर्ग (किला) के स्वरूप में वे बसते हैं। दुर्गा देवी के मंदिर परिसर में अनेकानेक प्राचीन मंदिर हैं।

# पुरुषोत्तम दास टंडन



पुरुषोत्तम दास टंडन आधुनिक भारत के प्रमुख स्वाधीनता सेनानियों में से एक थे। वे राजर्षि के नाम से भी विख्यात थे। उन्होंने अपना जीवन एक वकील के रूप में प्रारम्भ किया था। हिन्दी को आगे बढ़ाने और इसे राष्ट्रभाषा का स्थान दिलाने के लिए पुरुषोत्तम दास जी ने काफ़ी प्रयास किये थे। वे हिन्दी को देश की आज़ादी के पहले आज़ादी प्राप्त करने का साधन मानते रहे और आज़ादी मिल जाने के बाद आज़ादी को बनाये रखने का। वर्ष 1950 में वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष नियुक्त हुए थे। पुरुषोत्तम दास टंडन को भारत के राजनीतिक और सामाजिक जीवन में नयी चेतना, नयी लहर, नयी क्रान्ति पैदा करने वाला कर्मयोगी कहा गया है। वर्ष 1961 में उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया था।

जन्म तथा शिक्षा- पुरुषोत्तम दास टंडन का जन्म 1 अगस्त, 1882 को उत्तर प्रदेश के प्राचीनतम और धार्मिक शहर इलाहाबाद में हुआ था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय सिटी एंग्लो वर्नाक्यूलर विद्यालय में हुई थी। इसके बाद उन्होंने एल.एल.बी. की डिग्री हासिल की और एम.ए. इतिहास विषय से किया। वर्ष 1906 में वकालत की प्रैक्टिस के लिए पुरुषोत्तम जी ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में काम करना शुरू किया।

विधायी जीवन- पुरुषोत्तम जी के व्यक्तित्व का एक अन्य महत्त्वपूर्ण पक्ष उनका विधायी जीवन था, जिसमें वह आज़ादी के पूर्व एक दशक से भी अधिक समय तक उत्तर प्रदेश की विधानसभा के अध्यक्ष रहे। वे संविधान सभा, लोक सभा और राज्य सभा के भी सदस्य रहे थे। वे समर्पित राजनयिक, हिन्दी के अनन्य सेवक, कर्मठ पत्रकार, तेजस्वी वक्ता और समाज सुधारक थे।

क्रांतिकारी जीवन की शुरुआत- पुरुषोत्तम दास टंडन ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के साथ वर्ष 1899 से ही काम करना शुरु कर दिया था। क्रांतिकारी कार्यकलापों के कारण उन्हें इलाहाबाद विश्वविद्यालय के म्योर सेण्ट्रल कॉलेज से निष्कासित कर दिया गया था। बाद में 1903 में अपने पिता के निधन के बाद उन्होंने एक अन्य कॉलेज से अपनी पढ़ाई पूरी की। वर्ष 1919 में देश को झकझोर कर रख देने वाली घटना जलियाँवाला बाग़ हत्याकांड का अध्ययन करने वाली कांग्रेस पार्टी की समिति के वह एक सदस्य बनाये गए थे। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के कहने पर पुरुषोत्तम जी ने वकालत को छोड़कर स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया। उन्होंने रॉलेट एक्ट विरोधी सत्याग्रह में सक्रियता से भाग लिया।

जेल यात्रा व आन्दोलन- वर्ष 1930 में महात्मा गाँधी द्वारा चलाये जा रहे सविनय अवज्ञा आन्दोलन के सिलसिले में वे बस्ती में गिरफ्तार हुए और उन्हें कारावास का दण्ड मिला। बाद के समय में उन्होंने इलाहाबाद में कृषक आन्दोलन का संचालन किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश में सविनय अवज्ञा आन्दोलन का संचालन किया। किसानों में लगान की नाअदायगी का आन्दोलन भी चलाया। वे संयुक्त प्रांत व्यवस्थापिका परिषद् के सदस्य बने तथा 1937 ई. में इसके अध्यक्ष भी नियुक्त हुए। पुरुषोत्तम दास टंडन ने भारत के विभाजन का डटकर विरोध किया। 1931 में लंदन में आयोजित गोलमेज सम्मेलन से गाँधीजी के वापस लौटने से पहले जिन स्वतंत्रता सेनानियों को गिरफ्तार किया गया था, उनमें जवाहर लाल नेहरू के साथ पुरुषोत्तम दास टंडन भी थे। उन्होंने बिहार में कृषि को बढ़ावा देने के लिए काफ़ी कार्य किए थे। वर्ष 1933 में वे बिहार की प्रादेशिक किसान सभा के अध्यक्ष चुने गए थे। बिहार किसान आंदोलन के साथ सहानुभूति रखते हुए उन्होंने विकास के अनेक कार्य सम्पन्न कराये।

कांग्रेस से त्यागपत्र- वर्ष 1951 ई. में पुरुषोत्तम दास टंडन कांग्रेस के अध्यक्ष बनाये गये थे, किंतु इस पद पर वे अधिक समय तक नहीं रहे। क्योंकि बाद के समय में भाषायी राज्यों के सम्बन्ध में कांग्रेस से उनका मतभेद हो गया। मतभेद हो जाने के कारण उन्होंने कांग्रेस से त्याग पत्र दे दिया।

हिन्दी के पक्षधर- पुरुषोत्तम जी हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने के प्रबल समर्थक थे और इसको आगे बढ़ाने और राष्ट्रभाषा का स्थान देने के लिए काफ़ी प्रयास कर रहे थे। राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन ने 10 अक्टूबर, 1910 को नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी के प्रांगण में हिन्दी साहित्य सम्मेलन की स्थापना की। इसी क्रम में 1918 में उन्होंने हिन्दी विद्यापीठ और 1947 में हिन्दी रक्षक दल की स्थापना की। वे हिन्दी को देश की आज़ादी के पहले आज़ादी प्राप्त करने का और आज़ादी के बाद आज़ादी को बनाये रखने का एक बड़ा साधन मानते थे। पुरुषोत्तमदास टंडन हिन्दी के प्रबल पक्षधर थे। वह हिन्दी में भारत की मिट्टी की सुगंध महसूस करते थे। हिन्दी साहित्य सम्मेलन के इंदौर अधिवेशन में स्पष्ट घोषणा की गई थी कि- ÷अब से राजकीय सभाओं, कांग्रेस की प्रांतीय सभाओं और अन्य सम्मेलनों में अंग्रेज़ी का एक शब्द भी सुनाई न पड़े।

राजनीतिक सफलताएँ- भारत की आज़ादी के बाद 1951 में हुए देश के पहले चुनाव में पाँच प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए थे। इसके बाद 1952 में हुए उप-चुनाव में इलाहाबाद पश्चिम में कांग्रेस के पुरुषोत्तम दास टंडन निर्विरोध विजयी हुए। वर्ष 1962 में टिहरी गढ़वाल से वहाँ के राजा मानवेंद्रशाह ने जब चुनाव लड़ने का फैसला किया तो पुरुषोत्तम दास टंडन के मुकाबले कोई प्रत्याशी आगे नहीं आया। इस चुनाव में जनसंघ के रंगीलाल ने परचा भरा था, लेकिन बाद में उन्होंने भी पर्चा वापस ले लिया।

कार्यकाल- आज़ादी के बाद पुरुषोत्तम दास टंडन ने उत्तर प्रदेश की विधान सभा के प्रवक्ता के रूप में तैरह साल तक काम किया। 31 जुलाई, 1937 से लेकर 10 अगस्त, 1950 तक के लंबे कार्यकाल के दौरान उन्होंने विधान सभा को कई बार संबोधित किया।

पुरस्कार- वर्ष 1961 में हिन्दी भाषा को देश में अग्रणी स्थान दिलाने में अहम भूमिका निभाने के लिए उन्हें देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार दिया गया। 23 अप्रैल, 1961 को उन्हें भारत सरकार द्वारा भारत रत्न की उपाधि से विभूषित किया गया।

निधन- राष्ट्रभाषा हिन्दी के लिए समर्पित पुरुषोत्तम दास टंडन जी का निधन 1 जुलाई, 1962 को हुआ।

प्रभुदत्त ब्रह्मचारी का कथन- राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन का हिन्दी के साथ-साथ गोहत्या बन्द न किए जाने, शराब को राजस्व का साधन बनाए रखने तथा ÷धर्मनिरपेक्षता÷ की आड़ में पाठ पुस्तकों में से धार्मिक-नैतिक प्रेरणा देने वाली सामग्री हटाये जाने जैसे विषयों पर कांग्रेस से निरन्तर विरोध रहा। पौराणिक साहित्य के मर्मज्ञ, महान् गोभक्त संत प्रभुदत्त ब्रह्मचारी महाराज का टंडन जी से निकट का आत्मीय सम्बंध था। टंडन जी के गोलोकवासी होने के बाद प्रभुदत्त जी ने ÷कल्याण÷ पत्रिका में पुरुषोत्तम दास टंडन के संस्मरण में लिखा था कि- ÷वे मुझे अपनी सब बातें हृदय खोलकर बताते थे। कहते थे कि एक बार चित्रकूट के कुछ लोग मालवीय जी के पास आये और कहने लगे- ÷महाराज! हमारे यहाँ गाय का वध होता है।÷ मालवीय जी ने मुझे वहाँ भेजा। मैंने वहाँ जाकर पूछा- ÷गऊ को क्यों मारते हो?÷ उन दिनों गोमांस को मुस्लिम भी नहीं खाते थे। चमड़े के लिए गोवध करते थे। मांस को तो वे फेंक भी देते थे। उसी दिन मैंने चमड़े के जूते न पहनने की प्रतिज्ञा की।

# चीन समेत ये 5 देश दे रहे बच्चा पैदा करने पर पैसा



नई दिल्ली (एजेंसी)। चीन की सरकारी मीडिया ने सोमवार को बताया कि बिजिंग तीन वर्ष से कम आयु के प्रत्येक बच्चे के माता-पिता को प्रति वर्ष 3,600 युआन (करीब 500 डॉलर) की सब्सिडी देगी। दरअसल, चीन अपनी बढ़ती उम्र की आबादी को लेकर चिंता में है। इसलिए सरकार ने बर्थ रेट बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया है।

चीन में लियानजियांग शहर में परिवारों को 1 सितंबर, 2021 के बाद पैदा हुए प्रत्येक बच्चे के लिए 510 डॉलर तक की मासिक सहायता मिलती है। जब बच्चा ढाई साल का हो जाता है, तो यह सहायता राशि बढ़ाकर 15,000 डॉलर (करीब13 लाख रुपये) से अधिक हो सकती है। इन प्रोत्साहनों का उद्देश्य जन्म दर को बढ़ावा देना है। लेकिन चीन ही नहीं और भी कई देश हैं जो बच्चा पैदा करने के लिए पैसा देते हैं। आइए उनके बारे में जानते हैं।

चीन के अलावा ये देश भी बच्चा पैदा करने के लिए दे रहे हैं पैसा- चीन के अलावा और भी कई देश हैं जो बच्चा पैदा करने के लिए पैसा देते हैं। आइए उनमें से प्रमुख देशों के बारे में जानते हैं।

रूस- चीन की तरह रूस भी अपने नागरिकों को बच्चा पैदा करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। वह जन्म दर को बढ़ाना चाहता है। रूस उन गर्भवती स्कूली छात्राओं को वित्तीय प्रोत्साहन दे रहा है, जो अपने बच्चों को जन्म देने और उनका पालन-पोषण करने के लिए सहमत हैं। इसके लिए स्कूली छात्राओं को 100,000 रूबल (लगभग 90,000 रुपये) दिए जाते हैं।

जापान- रूस और चीन की तरह जापान भी अपने नागरिकों को बच्चा पैदा करने के लिए आर्थिक मदद मुहैया करा रहा है। यदि कोई परिवार टोक्यो से बाहर चला जाता है तो जापान उन माता-पिता को प्रति बच्चा 6 लाख रुपये देता है।

## बंद होने से पहले ही धूम मचा रहा यह आईपीओ





नई दिल्ली (एजेंसी)। मेन बोर्ड आईपीओ नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी पर आज भी निवेशक जमकर बोली लगा रहे हैं। 30 जुलाई को ओपन होते ही कुछ ही घंटों में यह फुल सब्सक्राइब हो चुका था। इस खबर को लिखते समय तक इसका आईपीओ 2.12 गुना सब्सक्राइब हो चुका है। 1 अगस्त को एनएसडीएल का आईपीओ क्लोज होगा। लेकिन उससे पहले यह जीएमपी पर धूम मचा रहा है।

नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी (एनएसडीएल) आईपीओ के जरिए 4011.60 करोड़ रुपये जुटाएगी। एनएसडीएल को एनएसई चलाती है। यह एक डिपॉजिटरी संस्था है, जो आपके डीमैट अकाउंट को मैनेज करती है। यह CDSL की तरह है। सीडीएसएल को BSE चलाती है।

एनएसडीएल के जीएमपी की बात करें तो यह इस समय 17 फीसदी से अधिक है। ह्स्छ्रु का तस्क्क138 रुपये चल रहा है। अभी यह एक दिन तक और ओपन रहेगा। लिस्ट होने से पहले इसके जीएमपी में और भी उछाल देखने को मिल सकता है। 6 अगस्त को इसकी लिस्टिंग होनी है।

वित्तीय वर्ष 2017 और वित्तीय वर्ष 2025 के बीच भारतीय पूंजी बाजार में तीव्र वृद्धि हुई है। देश की पहली और अग्रणी डिपॉजिटरी के रूप में, ह्स्छ्रु ने प्रतिभूतियों के डिमैटेरियलाइजेशन की अवधारणा को लागू किया, जिसने भारत में प्रतिभूति परिदृश्य में क्रांति ला दी।

## 3 महीने में मारूति ने बेची 5 लाख कार, फिर भी मुनाफा 2% बढ़ा, कितनी रही कुल आय




नई दिल्ली (एजेंसी)। देश की दिग्गज कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी ने FY26 की पहली तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। Q1 में 2% की ग्रोथ के साथ कंपनी का नेट प्रॉफिट 3,712 करोड़ रहा, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान यह आंकड़ा 3,650 करोड़ था। पहली तिमाही में इस ऑटोमोबाइल कंपनी का रेवेन्यू 8% बढ़कर 38,414 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले 35,531 करोड़ रुपये था।

एक्सचेंज को दी फाइलिंग में कंपनी ने बताया कि डोमेस्टिक पैसेंजर व्हीकर सेगमेंट में पहली तिमाही में मांग कमजोर रही। कंपनी को घरेलू बिक्री में 4.5% की गिरावट का सामना करना पड़ा, लेकिन निर्यात में 37.4% की उल्लेखनीय वृद्धि से इसकी भरपाई हो गई, जिससे पिछले वर्ष की इसी तिमाही की तुलना में कुल बिक्री में 1.1% की बढ़ोतरी हुई।

नतीजे अनुमान से बेहतर- पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में भले ही डिमांड को लेकर सुस्ती का माहौल बना हुआ है लेकिन मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि मारुति ने अच्छे नतीजे पेश किए हैं। अन्य आय में वृद्धि के साथ पहली तिमाही में कंपनी का प्रदर्शन बेहतर रहा। रेवेन्यू ग्रोथ मामूली रही, लेकिन अनुमान से अधिक रही।

इस तिमाही के दौरान कंपनी ने कुल 527,861 वाहन बेचे, जिनमें 430,889 वाहन भारतीय बाजार में बेचे गए जबकि 96,972 व्हीकल निर्यात किए गए।

शेयरों में इस साल लगातार रही तेजी- नतीजों के बाद मारुति सुजुकी के शेयर हल्की गिरावट के साथ 12608 रुपये के स्तर पर बंद हुए। खास बात है कि इस साल जनवरी से कंपनी के शेयरों में लगातार तेजी आई है। जनवरी 2025 में मारुति के शेयर 10800 रुपये के स्तर पर थे।

## खून की जांच करने वाली कंपनी देगी डिविडेंड, हर एक शेयर पर मिलेंगे 6 रुपये




नई दिल्ली (एजेंसी)। देश की नामी डायग्नोस्टिक कंपनी डॉ लाल पैथ लैब ने अपने तिमाही नतीजों का ऐलान कर दिया है। खास बात है कि इस लैब कंपनी ने अपने शेयरधारकों को डिविडेंड देने की घोषणा भी की है। एक्सचेंज को दी फाइलिंग में कंपनी ने बताया कि वह अपने शेयरधारकों को 6 रुपये प्रति शेयर लाभांश का भुगतान करेगी।

एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 6 रुपये प्रति इक्विटी शेयर (प्रत्येक 10 रुपये के फेस वैल्यू पर @ 60%) के अंतरिम डिविडेंड का ऐलान किया है। अंतरिम लाभांश के भुगतान के लिए रिकॉर्ड डेट 06 अगस्त, 2025 होगी।

कब मिलेगा डिविडेंड अमाउंट- अंतरिम लाभांश के लिए रिकॉर्ड तिथि 06 अगस्त, 2025 होगी। कंपनी अपनी घोषणा के 30 दिनों के भीतर लाभांश का भुगतान करेगी। डायग्नोस्टिक सेवा क्षेत्र की इस प्रमुख कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2026 की जून तिमाही के अपने वित्तीय परिणाम भी साझा किए। कंपनी को FY26 की पहली तिमाही में 134 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ, जिसमें साल दर साल 24.3 फीसदी की ग्रोथ देखने को मिली है।

# डिविडेंड देने के लिए मशहूर कंपनी को हुआ 3185 करोड़ का मुनाफा, इस बार कितने रुपये की कमाई का मौका

नई दिल्ली (एजेंसी)। माइनिंग सेक्टर दिग्गज कंपनी वेदांता ने गुरुवार को वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। इसमें कंपनी का कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट साल-दर-साल आधार पर 11.7% घटकर 3,185 करोड़ रुपये रह गया। हालाँकि, कंपनी का ऑपरेटिंग रेवेन्यू साल-दर-साल आधार पर 5.75त्न बढ़कर 37,824 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले 35,764 करोड़ रुपये था।

यह नेट प्रॉफिट पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में दर्ज 3,606 करोड़ रुपये के बराबर है। क्रमिक रूप से, कंपनी का मालिकों को दिया जाने वाला लाभ पिछली तिमाही के 3,483 करोड़ रुपये से 8.5% कम रहा।




कंपनी का नेट लोन/EBITDA 1.3 गुना रहा और क्रेडिट रेटिंग AA पर फिर स्थापित की गई। अनिल अग्रवाल के नेतृत्व वाली कंपनी ने पहली तिमाही में अपना अब तक का सर्वोच्च EBITDA 10,746 करोड़ रुपये (सालाना आधार पर 5त्न की वृद्धि) दर्ज किया, जिसे 81 आधार अंकों की वृद्धि के साथ 35% तक मार्जिन विस्तार से समर्थन मिला।

वेदांता देगी 7 रुपये का डिविडेंड- कंपनी ने अपने शेयरधारकों के लिए 7 रुपये का डिविडेंड भी घोषित किया। एक नियामक फाइलिंग में, कंपनी ने कहा, 30 जून 2025 को समाप्त तिमाही के दौरान, कंपनी के निदेशक मंडल ने 18 जून 2025 को हुई अपनी बैठक में, वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1 रुपये प्रति इक्विटी शेयर पर अंकित मूल्य पर 7 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के हिसाब से पहला अंतरिम लाभांश स्वीकृत किया। इसके साथ, वित्त वर्ष 2025-26 के लिए घोषित कुल लाभांश वर्तमान में 1 रुपये प्रति इक्विटी शेयर पर लगभग 7 रुपये प्रति इक्विटी शेयर है।

## क्या होते हैं डार्क स्टोर्स, जहां से जेप्टो और ब्लिंकिट जैसे एप्स आपके पास पहुंचाते हैं सामान?




नई दिल्ली (एजेंसी)। आमतौर पर आप सब्जी की दुकान से सब्जी खरीदते हैं। कपड़े की दुकान से कपड़े और फर्नीचर वाले के यहां से फर्नीचर। जिसमें आपका काफी समय बर्बाद हो जाता है। लेकिन अब आपको जरूरत का सामान खरीदने के लिए कहीं बाहर नहीं जाना पड़ता। क्योंकि, देश में 10 मिनट में डिलीवरी करने वाले एप्स का चलन बढ़ गया है, जो आपकी जरूरत का सामान कम समय में डिलीवर कर देते हैं।

वो चाहें सब्जी हो, कपड़े, फर्नीचर, मोबाइल फोन या फिर कोई और जरूरत का सामान। बस एक क्लिक और सामान आपके घर पहुंच जाता है, वो भी कम समय में। ऐसे में आपके मन में भी सवाल उठता होगा कि आखिर ये ऐप्स अलग-अलग जरूरतों का सामान एक साथ कैसे डिलीवर कर देते हैं? और वो ये सामान रखते कहा हैं। तो इसका जवाब है- डार्क स्टोर्स। अब आप कहेंगे कि आखिर ये डार्क स्टोर होते क्या हैं?

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# खून से सना चाकू लहराते हुए पहुंचा बदमाश, धड़ाधड़ गिरे दुकानों के शटर



बुरहानपुर। बुधवार रात शहर के कमल तिराहे में उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एक बदमाश खून से सना चाकू लहराते हुए पहुंचा और लोगों को डराने लगा। यह देख दुकानदारों ने धड़ाधड़ अपनी दुकानों के शटर बंद कर दिए। जिससे पूरे मार्केट में समय से पहले ही सन्नाटा पसर गया।

कोतवाली थाना प्रभारी सीताराम सोलंकी ने बताया कि सूचीबद्ध गुंडा हेमंत और दीनू ने पहले बस स्टैंड में कुंदन महरोलिया को शराब पिलाई। इसके बाद हेमंत ने अचानक चाकू निकाल लिया और कुंदन के हाथ में हमला कर दिया। जिससे उसके हाथ में घाव हो गया।कुंदन किसी तरह बच कर वहां से भागा तो हेमंत और दीनू उसका पीछा करते हुए कमल तिराहे तक पहुंच गए। वहां भी उन्होंने लोगों को डराना धमकाना शुरू कर दिया। जिससे लोग दहशत में आ गए थे।

इसके अलावा कुछ लोगों ने बदमाशों द्वारा लूटपाट करने की अफवाह भी फैला दी थी, जिससे लोग और डर गए थे। सूचना मिलते ही सीएसपी गौरव पाटिल, थाना प्रभारी सीताराम सोलंकी सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। तब जाकर दुकानदारों ने राहत की सांस ली।

करीब एक घंटे की तलाश के बाद पुलिस ने दीनू को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य आरोपित हेमंत अब भी फरार है। दोनों के खिलाफ बीएनस की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि हेमंत को जिलाबदर किया गया था। वह दो दिन पहले ही शहर लौटा था और फिर अपराध कर दिया। उसके खिलाफ पूर्व में भी चाकूबाजी के केस दर्ज किए गए थे।

# 6 दोस्त बिना किसी को बताए नदी नहाने पहुंचे, दो डूबे तो बाकी घबराकर भागे



छिंदवाड़ा। नागपुर रोड कोलाढाना क्षेत्र में बोदरी नदी में डूबने से दो नाबालिगों की मौत हो गई ।घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पुलिस और प्रशासन की टीम पहुंची, लेकिन नाबालिगों को बचाया नहीं जा सका ।मरने वालों में देव पिता रामकुमार चौरसिया (14) फनी पिता विजय वर्मा (15) दोनों निवासी गुलाबरा है।

एसडीएम सुधीर जैन ने बताया कि दोनों नाबालिगों के शवों को निकाल लिया गया है, जिसके बाद पीएम की कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि गुरूवार दोपहर करीब एक बजे गुलाबरा के रहने वाले 6 दोस्त बिना किसी को जानकारी दिए कोलाढाना स्थित बोदरी नदी पहुंच गए।जैसे ही दोनों नाबालिग डूबने लगे तो चीख पुकार मच गई, नाबालिगों के साथी घबरा कर मौके से भाग गए, जिसके बाद उन्होंने मृतकों के स्वजन को जानकारी दी। वहीं कोलाढाना निवासी कृष्णा नाम के लड़का खेत में काम कर रहा था, जिसने एक नाबालिग को बचाने की कोशिश की, लेकिन बचाया नहीं जा सका। रेस्क्यू टीम ने दोपहर 4 बजे तक दोनों शव निकाल लिए।

घटना को लेकर उठ रहे सवाल इस घटना को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं, जिस जगह ये हादसा हुआ वहां नदी में बहुत पानी नहीं था, इसके बाद भी आखिरकार नाबालिग वहां क्यों गए। साथ ही नाबालिगों के दोस्तों को लेकर भी कई सवाल उठ रहे हैं।

# कड़कड़ाती ठंड में कांपती रही नवजात बच्ची, आसपास मंडरा रहे थे कुत्ते, फिर...



धार। इंसानियत अभी जिंदा है - यह साबित कर दिखाया मध्यप्रदेश के धार जिले के धरमपुरी थाना क्षेत्र के निवासियों ने जब गुरुवार रात एक नवजात बच्ची की जान समय रहते बचा ली गई।

यह घटना पगारा फाटा के पास की है, जहां खलघाट-मनावर रोड किनारे बंद पड़ी एक चाय की गुमटी के पास यह बच्ची ठिठुरती ठंड में बेसहारा हालत में पड़ी मिली।

चारों ओर सन्नाटा, ऊपर खुला आसमान और पास में घूमते भूखे कुत्ते, यह दृश्य किसी भी इंसान की रूह कांपाने के लिए काफी था। लेकिन इस बच्ची की किस्मत अच्छी थी कि इंसानियत की गर्माहट ने समय रहते उसे गले लगा लिया।

**कैसे मिला मासूम को जीवनदान?**-बच्ची के रोने की आवाज सुनकर आस-पास के लोग बाहर आए। जब देखा कि एक नवजात बच्ची लावारिस पड़ी है और कुछ आवारा कुत्ते उसके पास मंडरा रहे हैं, तो वे तुरंत दौड़कर आए। कुत्तों को भगाकर बच्ची को गोद में उठाया गया और पास ही से दूध लाकर उसे पिलाया गया।इसके बाद लोगों ने तुरंत धरमपुरी थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्ची को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां डॉक्टर्स की टीम ने उसका प्राथमिक उपचार किया।

**बच्ची अब खतरे से बाहर**-चिकित्सकों ने बताया कि बच्ची की उम्र लगभग 10 से 15 दिन की है। अब वह पूर्णतः स्वस्थ और खतरे से बाहर है। अस्पताल की स्टाफ नर्स बच्ची की देखभाल खुद कर रही हैं - उसे दूध पिला रही हैं, गोद में ले रही हैं, और एक मां की तरह स्नेह लुटा रही हैं। यह दृश्य अस्पताल में मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम कर गया।

**कड़ी कार्रवाई की मांग**-पुलिस ने इस मामले में अज्ञात माता-पिता के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है कि किसने यह अमानवीय हरकत की। क्षेत्रवासियों ने इस कृत्य पर गहरा आक्रोश जताया है और प्रशासन से मांग की है कि ऐसे निर्दयी माता-पिता की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाए।

# MP के बिरलानगर स्टेशन पर हुआ दर्दनाक हादसा... महिला को रौंदती चली गई मालगाड़ी, मचा हड़कंप ,

ग्वालियर। बिरलानगर रेलवे स्टेशन पर बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया, जब एक महिला की जान मालगाड़ी की चपेट में आकर चली गई।



घटना तब हुई जब महिला प्लेटफॉर्म क्रमांक-1 पर खड़ी मालगाड़ी के नीचे से निकलने की कोशिश कर रही थी, तभी मालगाड़ी अचानक चल पड़ी और महिला को कुचलती चली गई।

पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान गोरमी निवासी केशकली जाटव (पत्नी मान सिंह जाटव) के रूप में हुई है। प्रधान आरक्षक परशुराम शर्मा ने बताया कि महिला प्लेटफॉर्म बदलने की जल्दी में मालगाड़ी के नीचे से गुजर रही थी, जबकि यह पूरी तरह असुरक्षित और प्रतिबंधित तरीका है।

जैसे ही वह ट्रेन के नीचे से निकल रही थी, तभी मालगाड़ी में हलचल शुरू हुई और महिला उसकी चपेट में आ गई। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना जीआरपी को दी। जीआरपी टीम तुरंत मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया।रेलवे प्रशासन द्वारा इस प्रकार के हादसों को रोकने के लिए यात्रियों से बार-बार अपील की जाती है कि वे प्लेटफॉर्म बदलने के लिए फुट ओवरब्रिज (स्नह्रक्च) या सबवे का इस्तेमाल करें। मालगाड़ी के नीचे से गुजरना जानलेवा साबित हो सकता है, जैसा कि इस घटना में हुआ।

शताब्दी एक्सप्रेस का इंजन हो गया फेल

इसी दिन रेलवे यात्री सेवा को लेकर एक और बड़ी समस्या सामने आई, जब नई दिल्ली से भोपाल जा रही शताब्दी एक्सप्रेस का इंजन ग्वालियर के नजदीक बिरलानगर स्टेशन से पहले ही फेल हो गया। इंजन फेल होते ही ट्रेन रुक गई और यात्रियों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। सूचना मिलते ही मामले की जानकारी झांसी कंट्रोल रूम और ग्वालियर स्टेशन को दी गई। रेलवे प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए ग्वालियर से एक नया इंजन मौके पर भेजा गया, जिसे शताब्दी में जोड़कर ट्रेन को ग्वालियर तक लाया गया। इस प्रक्रिया में लगभग 1 घंटे 53 मिनट की देरी हुई, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा।

# पहली पत्नी के होते हुए की दूसरी शादी... फिर सरकारी योजना का किया गबन, बच्चे के जन्म पर निकाला डिलीवरी का पैसा

भोपाल । बिना तलाक दिए दूसरी शादी करना एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया। भोपाल के बैरागढ़ थाने में महिला की शिकायत पर उसके पति और उसकी कथित दूसरी पत्नी के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का केस दर्ज किया गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि दूसरी पत्नी के बच्चे के जन्म पर आरोपी पति ने सरकारी योजना का लाभ पहली पत्नी के नाम से उठाया।

**क्या है पूरा मामला?**-दमोह निवासी 25 वर्षीय लक्ष्मी सेन ने शिकायत में बताया कि उसकी शादी अवधनारायण नामक व्यक्ति से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही दोनों के बीच रिश्ते बिगड़ने लगे और पिछले चार वर्षों से लक्ष्मी अपने मायके दमोह में ही रह रही थी। इसी दौरान अवधनारायण ने बैरागढ़, भोपाल में रहकर चुपचाप आरती नाम की महिला से दूसरी शादी कर ली, जबकि लक्ष्मी से उसने तलाक नहीं लिया था। कुछ समय बाद आरती गर्भवती हुई और फिर बच्चे का जन्म हुआ।

**सरकारी योजना में भी की चालाकी**-डिलीवरी के दौरान सरकार की मातृत्व सहायता योजना के तहत जो आर्थिक सहायता दी जाती है, उसका लाभ उठाने के लिए अवधनारायण ने आरती के स्थान पर पहली पत्नी लक्ष्मी सेन का नाम दर्ज करवा दिया और सरकारी राशि निकाल ली। जब लक्ष्मी को इसकी जानकारी मिली, तो उसने साक्ष्यों के साथ दमोह थाने में शिकायत दर्ज कराई। जांच में सामने आया कि यह घटना भोपाल के बैरागढ़ क्षेत्र की है, इसलिए दमोह पुलिस ने केस की डायरी बैरागढ़ पुलिस को सौंप दी।




# मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन ने एकलव्य आवासीय विद्यालय मोरोद के छात्रावास का किया निरीक्षण

## विद्यार्थियों को पौष्टिक, गुणवत्तापूर्ण और पर्याप्त मात्रा में भोजन देने के दिए निर्देश

इंदौर। जिला पंचायत इंदौर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन ने एकलव्य आवासीय विद्यालय मोरोद के छात्रावास का निरीक्षण किया गया। श्री जैन द्वारा निरीक्षण के दौरान छात्रावास के समस्त भवनों एवं कक्षों का अवलोकन किया गया। इस दौरान उन्होंने छात्रावास में रह रहे विद्यार्थियों और शिक्षकों से छात्रावास की विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की।



छात्रावास के विद्यार्थियों से चर्चा के दौरान उनके द्वारा बताई गई कमियों पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जैन ने छात्रावास के प्रभारी तथा कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। जिसमें विशेष कर छात्रावास परिसर में साफ सफाई रखने, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने तथा साफ बेडशीट, तकिया इत्यादि उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जो स्टडी रूम छात्रों के लिए बनाया गया है, वह उनकी संख्या के अनुसार छोटा है, इसे संख्या अनुसार बढ़ा किया जाए व टेबल-कुर्सी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध कराई जाए। छात्रावास में अनिवार्यता हिंदी व अंग्रेजी के समाचार पत्र मंगाए जाकर विद्यार्थियों को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही उपस्थित छात्रावास प्रभारी को छात्रों की कैरियर संबंधी, स्वास्थ्य संबंधी व मानसिक स्वास्थ्य तथा उनके पर्सनालिटी डेवलपमेंट संबंधी काउंसलिंग आवश्यक रूप से कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने खेलकूद की पर्याप्त सामग्री बुलाकर इनडोर व आउटडोर दोनों प्रकार के खेलों की समुचित व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया।

विद्यार्थियों ने बताया कि शिक्षक का कार्य अच्छा चल रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जैन ने कहा कि अध्यापन कार्य को बेहतर व गुणवत्तापूर्ण किया जाये। भोजन कक्ष के मेस में पर्याप्त साफ-सफाई व मेनू अनुसार गुणवत्तापूर्ण, पौष्टिक और पर्याप्त मात्रा में भोजन देने हेतु निर्देशित किया गया। उपस्थित कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि छात्रावास की उक्त कमियों को एक पखवाड़े में पूर्ण करें। 15 दिवस पश्चात पुनः छात्रावास का निरीक्षण किया जायेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी के भ्रमण के दौरान संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## सिंगल यूज प्लास्टिक पर निगम की कार्यवाही



इंदौर। आयुक्त श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत विगत दिवस दिनांक 29 जुलाई 25 को झोन क्रमांक 18, वार्ड क्रमांक 63, लोहा मंडी क्षेत्र में बड़ी कार्यवाही की गई।

अपर आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा के मार्गदर्शन में की गई इस कार्यवाही में क्षेत्र स्थित एक गोडाउन में अवैध रूप से संग्रहित सिंगल यूज प्लास्टिक पाए जाने पर 300 किलोग्राम अमानक प्लास्टिक सामग्री जब्त की गई। साथ ही गोडाउन मालिक राहुल रोड यादराम पटेल के विरुद्ध 60 हजार रुपये का स्पॉट फाईन भी अधिरोपित किया गया। नगर निगम प्रशासन लगातार सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादन, संग्रहण, उपयोग एवं विक्रय के विरुद्ध सख्त कदम उठा रहा है। यह कार्यवाही पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ इंदौर के लक्ष्य की दिशा में एक अहम पहल है। कार्यवाही के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश जायसवाल, सीएसआई श्री विनय मिश्रा, सहायक सीएसआई श्री राहुल लोट, फीडबैक फाउंडेशन (एनजीओ संस्था) जोनल हेड श्री सुरेश चौहान , सहायक दरोगा श्री सोनू उठवाल निगम की अन्य टीम सदस्यगण उपस्थित थे। नगर निगम इंदौर आम नागरिकों से अपील करता है कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें और पर्यावरण के संरक्षण में अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

## इंदौर जिले में अब तक 279 मिलीमीटर (11 इंच से अधिक) औसत वर्षा

इंदौर। इंदौर जिले में जारी मानसून सत्र में 30 जुलाई 2025 तक 279.9 मिलीमीटर (11 इंच से अधिक) औसत वर्षा हो चुकी है। यह आंकड़ा गत वर्ष इस अवधि में दर्ज 396.3 (साढ़े 15 इंच) मिलीमीटर औसत वर्षा से 116.4 मिलीमीटर (लगभग साढ़े चार इंच) कम है। भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जारी मानसून सत्र में 30 जुलाई प्रातः 8.30 बजे तक वर्षामापी केन्द्र इंदौर में 289.6 मिलीमीटर, महू में 341.7 मिलीमीटर, सांवेर में 295.8 मिलीमीटर, देपालपुर में 368.1 मिलीमीटर, गौतमपुरा में 127.4 मिलीमीटर तथा हातोद में 256.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

इसी तरह गत वर्ष इस अवधि में वर्षामापी केन्द्र इंदौर में 355.2 मिलीमीटर, महू में 292.7 मिलीमीटर, सांवेर में 433.6 मिलीमीटर, देपालपुर में 536.9 मिलीमीटर, गौतमपुरा में 442.1 मिलीमीटर तथा हातोद में 317.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी।

# अतिवर्षा की स्थिति पर नजर रखें और जान-माल के बचाव को दें प्राथमिकता : मख्यमंत्री डॉ. यादव

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सभी जिलों में अतिवर्षा की स्थिति पर नजर रखी जाए। कलेक्टर एवं प्रशासनिक तथा पुलिस अमला अधिक वर्षा की स्थिति में आपदा की हालत उत्पन्न होने के पूर्व नागरिकों के बचाव के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें। संवेदनशील और सजग होकर प्रभावित नागरिकों की सहायता की जाए। पशु हानि और मकानों की क्षति पर भी प्रावधानुसार अविलम्ब मदद पहुंचाएं। इन कार्यों को सभी कलेक्टर्स प्राथमिकता दें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार की शाम समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास, भोपाल से वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा प्रदेश के सभी कलेक्टर्स को निर्देशित कर रहे थे। इस बैठक में इंदौर संभागायुक्त कार्यालय से संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, आईजी श्री अनुराग, संयुक्त आयुक्त विकास श्री डी.एस. रणदा, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. शॉजी जोसेफ, संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री एस.के.सिन्हा, संयुक्त संचालक उद्योग श्री एस.एस. मण्डलोई, संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री बृजेश पाण्डे, प्रभारी संयुक्त संचालक पशुपालन एवं डेयरी डॉ. विलसन डाबर, कृषि कॉलेज की अधिकारी श्रीमती नम्रता गुरनानी वीडियो कान्फ्रेंसिंग द्वारा शामिल हुए।



## सफल कंटेंट क्रिएटर बनने के लिए स्वयं के निश को पहचानें

इंदौर। एक सफल कंटेंट क्रिएटर बनने के लिए यह जरुरी है कि आप अपने स्वयं के निश को पहचानें कि आपको क्या करना सबसे ज्यादा पसंद है। यह बात सुप्रसिद्ध टेलीविज़न आर्टिस्ट लता सबरवाल ने आज प्रेस्टीज इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंड रिसर्च के यूजी कैंपस में आयोजित प्रेस्टीज कंटेंट क्रिएटर्स कॉन्क्लेव के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए कही।




आरजे आयुषी के साथ हुए एक संवाद कार्यक्रम में लता सबरवाल, जो ये रिश्ता क्या कहलाता है, विवाह और प्रेम रतन धन पायो जैसे लोकप्रिय धारावाहिकों और फिल्मों से घर-घर में पहचानी जाती हैं, ने कहा कि– धारावाहिकों में निभाए किरदारों के कारण लोग हमें हमारे किरदारों के नाम से जानते हैं, असली नाम से नहीं। मैं एक कंटेंट क्रिएटर इसलिए बनी क्योंकि मुझे अपनी खुद की पहचान बनानी थी। मैंने अपनी रूचि यानी निश को पहचाना और बदलते ट्रेंड्स को अपनी समझ से अपनाया।

उन्होंने बताया कि उनकी कंटेंट क्रिएशन की यात्रा कोविड-19 के दौर में शुरू हुई, जब उन्होंने फिटनेस पर वीडियो बनाना शुरू किया। उन्हें फिटनेस से गहरा लगाव था, और उसी को अपना कंटेंट विषय बनाया। उन्होंने युवाओं से कहा– एक अच्छी शुरुआत, आधी सफलता होती है।

## बगैर हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल पम्पों से नहीं मिलेगा पेट्रोल




इंदौर। इंदौर जिले में अब बगैर हेलमेट पहने दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल पम्प से पेट्रोल नहीं दिया जायेगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री आशीष सिंह ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। यह आदेश एक अगस्त 2025 से लागू होगा। उक्त आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 की धारा 163 के तहत जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार इंदौर जिले में ऐसे दो पहिया वाहन चालक, जिनके द्वारा हेलमेट धारण नहीं किया है, उन्हें किसी भी पेट्रोल पम्प द्वारा पेट्रोल का प्रदाय नहीं किया जायेगा। इस आदेश के उल्लंघन की दशा में संबंधित पेट्रोल पम्प के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश एक अगस्त 2025 से लागू होकर 29 सितम्बर 2025 तक प्रभावशील रहेगा। इसका उल्लंघन करने वाले व्यक्ति/संस्था/संचालक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। उपर्युक्त प्रतिबन्ध मेडिकल संबंधी मामलों व आकस्मिक स्थिति में लागू नहीं होगा। यह प्रतिबन्ध अन्य किसी नियम/आदेश के प्रतिबन्धों के अतिरिक्त होंगे। समय-समय पर समाचार पत्रों तथा विगत वर्षों में इन्दौर जिले में हुई सड़क दुर्घटनाओं में हो रहीं निरन्तर वृद्धि तथा इनमें होने वाली क्षति के सन्दर्भ में यह तथ्य ध्यान में लाया गया कि दो पहिया वाहनों के वाहन चालक द्वारा यदि हेलमेट लगाया जाये तो निश्चित ही इन सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु एवं घायलों की संख्या में कमी लाई जा सकती है। इस संबंध में गत दिवस इन्दौर में आयोजित सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी द्वारा ली गई बैठक में इस बिन्दु पर विस्तृत रूप से विचार-विमर्श किया गया। वाहन चालकों द्वारा यदि हेलमेट लगाया जाता है तो इससे निश्चित् रूप से इन सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु एवं घायलों की संख्या में कमी आ सकती है। इस संबंध में समय-समय पर केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा भी निर्देश दिये गये है। साथ ही मध्यप्रदेश मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा-129 में स्पष्ट प्रावधान है कि प्रत्येक दो पहिया वाहन सवारी तथा वाहन चालक अनिवार्य रूप से आई.एस.आई. मार्क हेलमेट(सुरक्षात्मक टोप) पहनेगा। बिना हेलमेट धारण किये चलने वाले दो पहिया वाहन चालकों की सड़क में दुर्घटना एवं असामायिक मृत्यु होने का खतरा बना रहता है।

# इंदौर जिले में राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए विशेष राजस्व महा अभियान का सफल क्रियान्वयन

इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह की पहल पर राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिये इंदौर जिले में राजस्व के विशेष महा अभियान का प्रभावी एवं सफल क्रियान्वयन हुआ। अभियान से किसानों और भू-स्वामियों को बड़ी राहत मिली है। अभियान के अंतर्गत तेजी से राजस्व प्रकरण निराकृत किये गए। अभियान के तहत जिले में 31 मई, 2025 तक लंबित शत-प्रतिशत प्रकरणों के निराकरण का लक्ष्य रखा गया था। इस लक्ष्य को पूर्ण कर लिया गया है और आरसीएमएस तथा लोक सेवा ग्यारंटी अधिनियम के तहत दर्ज लगभग सभी राजस्व प्रकरण उक्त अवधि के निराकृत हो गए है। जिले में उक्त अवधि के राजस्व प्रकरण निराकृत नहीं होने की सूचना देने वाले आवेदकों को 5 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जायेगी।



यह जानकारी आज यहाँ कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई राजस्व अधिकारियों की बैठक में दी गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री गौरव बैनल, श्री रिकेंश वैश्य तथा श्री रोशन राय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने राजस्व महा अभियान की प्रगति की समीक्षा की।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# महापौर द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भगवत गीता एवं प्रशस्ति पत्र भेंट करते हुए सम्मानित किया गया

## निगम मुख्यालय में आयोजित हुआ सेवानिवृत कर्मचारियों का सम्मान समारोह

उज्जैन। नगर निगम परिवार में अपना सेवाकाल पूर्ण कर चुके कर्मचारियों का नगर निगम द्वारा सेवानिवृत सम्मान समारोह गुरुवार को नगर निगम मुख्यालय में महापौर श्री मुकेश टटवाल की उपस्थित में आयोजित करते हुए सेवानिवृत हो रहे कर्मचारियों का शाल,श्रीफल,भगवत गीता, प्रशस्ति पत्र एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया एवं सेवानिवृत्ति के पश्चात स्वस्थ एवं सुखी जीवन की शुभकामनाएं दी गई




इस अवसर पर सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी श्री एजाज पिता शहजाद एहमद चालक निगम गैराज, श्री नृसिंह राव इंगले सहायक वर्ग 03 राजस्व विभाग अन्य कर, श्री महेश पिता बद्रीलाल मेट स्वास्थ्य विभाग, श्री मदन लाल देवाजी हेल्पर विद्युत शवदाह गृह, कुमारी गुरवीर कौर पाबले पीएचई विभाग, श्री ओमप्रकाश दोषी पीएचई विभाग, श्री शंकरलाल पिता सेवाराम वाहन चालक पीएचई विभाग, श्री भीमा गोविंद पंप ऑपरेटर पीएचई विभाग, श्री दिनेश पिता शंकर लाल शर्मा पीएचई विभाग, श्री युगल किशोर पिता नारायण स्थाई कर्मी पीएचई विभाग, श्री कमल पिता मंगल स्थाई कर्मी पीएचई विभाग के सेवानिवृत होने पर सम्मानित किया गया

इस अवसर पर एमआईसी सदस्य श्री शिवेंद्र तिवारी, श्री रजत मेहता, श्री प्रकाश शर्मा, श्री कैलाश प्रजापत, डॉ योगेश्वरी राठौर, पार्षद श्री पंकज चौधरी, अपर आयुक्त वित्त श्री पुनीत शुक्ला, उपायुक्त श्री योगेंद्र सिंह पटेल, कर्मचारी संघ से श्री नितिन मुसले, श्री रमेश रघुवंशी, श्री रमेश चंद्र निगम, श्री मनसुख मेहरवाल एवं नगर निगम के कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# रोटरी क्लब की अंकुर कार्यशाला में 325 से अधिक छात्राओं ने लिया हिस्सा




## छात्राओं को पॉलीथिन बेग में मिट्टी, बालूरेती, खाद का मिक्चर बनाकर सिखाया बीज बोना

उज्जैन। रोटरी क्लब उज्जैन की अनोखी पहल प्रोजेक्ट अंकुर अभियान के अंतर्गत शास. कन्या उच्चतर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विजयराजे में छात्राओं को पॉलीथिन बेग में मिट्टी, बालूरेती, खाद का मिक्चर बनाना एवं बीज बोने के संबंध कार्यशाला आयोजित की गई।


रोट अजय शर्मा एवं रोट कृष्णकांत पवार ने सयुंक्त रूप से उपस्थित छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी। प्रोजेक्ट का उद्देश्य एवं पॉलीथिन बेग में बीज बोने से लेकर पौधे तैयार करने तक की एवं पर्यावरण की जानकारी के साथ बच्चों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए। क्लब अध्यक्ष ईश्वर चंद्र दुबे ने बताया प्रोजेक्ट अंकुर में भाग लेने वाले सभी छात्र छात्राओं को अगले वर्ष जून माह में क्लब द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा और उत्कृष्ट छात्रों को पुरस्कृत किया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता अभियान के लिए क्लब की एक बड़ी पहल है, विद्यालय के प्राचार्य सनत कुमार व्यास का सहयोग सराहनीय है। अध्यक्ष एवं अतिथियों ने छात्राओं को पॉलीथिन बेग एवं बीज पैकेट प्रदाय किए। इस मौके पर क्लब के पूर्व अध्यक्ष रोट शाहिद हाशमी, विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका आदि सहित 325 से अधिक छात्राएँ उपस्थित रहीं।

# उज्जैन स्मार्ट सिटी इंक्यूबेशन सेंटर में आज होगा इंटरनशिप ड्राइव

उज्जैन। उज्जैन स्मार्ट सिटी इंक्यूबेशन सेंटर में आज 1 अगस्त को विशेष इंटरनशिप ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें उज्जैन और आसपास के युवाओं को स्टार्टअप्स में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

आज शुक्रवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक उज्जैन स्मार्ट सिटी इंक्यूबेशन सेंटर, सिंहस्थ मेला ऑफिस परिसर में होने जा रहे इस आयोजन में 15 से अधिक स्टार्टअप्स भाग ले रहे हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों के लिए 100 से अधिक इंटर्न्स' का चयन करेंगे। यह ड्राइव उन युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है जो स्टार्टअप इकोसिस्टम में कार्य अनुभव प्राप्त करना चाहते हैं और अपनी स्किल्स को इंडस्ट्री में आज़माना चाहते हैं।

# लायंस गोल्ड क्वीन की अध्यक्ष सुनीता मुले, सचिव हंसा राजवानी मनोनीत



उज्जैन। लायंस गोल्ड क्वीन क्लब की चार्टर अध्यक्ष लायन विनीता कासलीवाल एवं क्लब एडमिनिस्ट्रेटर लायन मोनिका जैन और गाइडिंग लायन संजय सक्सेना की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से वर्ष 2025-26 के लिए लायन सुनीता मुले को अध्यक्ष, लायन हंसा राजवानी को सचिव एवं लायन अर्चना सोनी को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

डिस्ट्रिक्ट पीआरओ लायन दीपक राजवानी ने बताया कि प्रथम उपाध्यक्ष लायन निकिता जैन, द्वितीय उपाध्यक्ष लायन शालिनी जैन, तृतीय उपाध्यक्ष लायन आरती ऐरन, सह सचिव और हेल्थ कैंप समिति डायरेक्टर लायन रजनी शाह, सह कोषाध्यक्ष और हंगर समिति चेयरपर्सन लायन करिश्मा अग्रवाल, विजन और पर्यावरण समिति चेयरपर्सन लायन निशा गांधी, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर लायन मोनिका जैन, सदस्यता समिति चैयरपर्सन लायन विनीता कासलीवाल, एलसीआईएफ चेयरपर्सन लायन संगीता सक्सेना, सर्विस एक्टिविटी चेयरपर्सन लायन अंशु बाफना मनोनीत किए गए।

# अग्रवाल आराध्या क्लब ने किया पार्थिव शिवलिंग निर्माण

उज्जैन। अग्रवाल आराध्या क्लब द्वारा सावन के पवित्र महीने में पार्थिव शिवलिंग निर्माण का धार्मिक अनुष्ठान किया गया। जिसमें समाजजनों द्वारा अपने हाथों से पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर विधिवत अभिषेक पूजन किया। आरती कर रामघाट पर शिप्रा में शिवलिंग विसर्जन किये गये।

क्लब अध्यक्ष मीना गर्ग ने बताया कि सिध्द आश्रम रामघाट स्थित पारदेश्वर मंदिर में समाजजनों द्वारा पार्थिव शिवलिंग निर्माण किये गये। इस दौरान रितु अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, भारती अग्रवाल, श्रद्धा गर्ग, ललित टीबड़ेवाला, सोनाली अग्रवाल, नीलू मित्तल, सोनिया मित्तल, नीलम अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, ममता अग्रवाल, बबीता अग्रवाल, राधिका अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, मेघना अग्रवाल सहित सभी क्लब सदस्य एवं बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

क्लब अध्यक्ष मीना गर्ग ने कहा कि सनातन परंपरा के अनुसार पार्थिव शिवलिंग की पूजा जीवन में आने वाले समस्त कष्टों, पाप दोषों तथा नवग्रह जनित बाधाओं को दूर कर, सुख-समृद्धि और सौभाग्य प्रदान करने वाली मानी गई है। विशेष रूप से श्रावण मास, जो कि शिवजी को समर्पित होता है, उसमें पार्थिव शिवलिंग पूजन का अत्यंत महत्व बताया गया है। इसी पावन अवसर पर, महाकाल की नगरी में अग्रवाल आराध्या क्लब द्वारा पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर पूजन, आरती की गई।



# वार्ड में 3 दिन से सूअर मरा पड़ा, पार्षद गोवा में समुद्र में तैर रहे

## नगर निगम में शिकायत, पार्षद को शिकायत पर कोई सुनने वाला नहीं, बदबू से महामारी का डर-मंगेश श्रीवास्तव

उज्जैन। उज्जैन शहर की दूसरे नंबर की कॉलोनी आगर रोड स्थित इंदिरा नगर में 90 क्वार्टर के पीछे तीन दिन से अधिक समय से एक सूअर मरा पड़ा हुआ है। नगर निगम में शिकायत करने, पार्षद को सूचित करने के बावजूद आज तक सूअर को कोई उठाने वाला नहीं आया।



वार्ड नंबर 5 के अध्यक्ष इंदिरा नगर युवा विकास समिति के अध्यक्ष मंगेश श्रीवास्तव ने बताया कि क्षेत्र की निवासी ममता गोस्वामी के घर के पीछे तीन दिन से सूअर मरा पड़ा है। जिससे पूरे क्षेत्र में भयंकर बदबू फैल रही है, महामारी का डर है। वहीं क्षेत्रीय पार्षद वार्ड नंबर 5 को अनाथ छोड़कर गोवा की यात्रा पर है, समुद्र की लहरों में मजे लेते हुए फोटो फेसबुक पर भेज रहे हैं। वार्ड वासी चारों गंदगी के साम्राज्य में जीने को मजबूर हैं। क्षेत्रवासी बदबू से बहुत परेशान है। जगह-जगह टंकी वाली लाइन में भी पानी भरा पड़ा है। 90 क्वार्टर में स्ट्रीट लाइट लगभग एक से सवा महीने से 24 घंटे चालू है जिसकी सूचना भी नगर निगम और क्षेत्रीय पार्षद दिलीप परमार को दी लेकिन आज तक उसकी भी कोई सुध लेने वाला नहीं आया। इन सब समस्याओं से क्षेत्रीय पार्षद दिलीप परमार को कोई लेना देना नहीं। वार्ड वासी जब उनसे शिकायत करते हैं तो कहते हैं वार्ड के लोग तो मुझसे जलते हैं और बार-बार झूठी शिकायत करते हैं। इंदिरा नगर युवा विकास समिति के अध्यक्ष मंगेश श्रीवास्तव, रहवासी ममता गोस्वामी, लता रोचवाणी ने कहा कि नगर निगम के कर्मचारी यहां आकर देखें, चारों ओर रोड पर गिट्टी, मोरम तथा सीमेंट पड़ी है। 90 क्वार्टर के सारे रोड बंद पड़े हैं। कचरा की गाड़ी भी दो दो तीन-तीन दिन में आती है। क्षेत्र में परेशानियों का अंबार लगा है लेकिन ना तो नगर निगम के अधिकारी और ना ही क्षेत्रीय पार्षद इन समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं। दूरभाष पर क्षेत्रीय रहवासी जैन मैडम ने भी मोबाइल पर सूचना दी थी मगर आज दिनांक तक भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com